चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 14.11.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना राजापुर द्वारा कंपोजिट विद्यालय देवी तिराहा स्कूल में, थाना रैपुरा द्वारा कस्बा रैपुरा में,थाना सरधुवा द्वारा कस्बा में,थाना पहाड़ी द्वारा कस्बा पहाड़ी में,थाना मानिकपुर द्वारा कस्बा मानिकपुर में,थाना भरतकूप द्वारा बाल कृष्ण स्कूल में,थाना मऊ द्वारा कस्बा मऊ में, महिला थाना द्वारा कल्याण भारती इंटर कॉलेज कालूपुर में,थाना राजापुर द्वारा कस्बा में,थाना बहिलपुरवा के ग्राम बौना पुरवा में,) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से

सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा छठ पूजा के दृष्टिगत रामघाट, सुन्दरघाट एवं मंदाकिनी पुल घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा, संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 14.11.2026 को छठ पूजा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 कंचन एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय द्वारा रामघाट, सुन्दरघाट एवं मंदाकिनी पुल घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि छठ पूजा के दौरान घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जल क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु सतर्कता बरती जाए।

साथ ही घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।